


एफसी सोंधी में चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करते हुए डा. मुकेश कुमार, डा. गुरप्रीत कौर व अन्य ● सौ. स्वयं

# ईएसआइसी के चिकित्सा शिविर में 250 कर्मियों की जांच, दवाइयां दी

**जासं, जालंधर :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधीन उपक्षेत्रीय कार्यालय जालंधर द्वारा निजी संस्थानों के कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए चिकित्सा शिविर लगाने की मुहिम शुरू की गई है। एफसी सोंधी में ईएसआइसी उप-क्षेत्रीय कार्यालय जालंधर और फोकल प्वाइंट शाखा के सहयोग से चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसकी अगुआई सामाजिक सुरक्षा अधिकारी शाम सुंदर व दीपक ने की। डा. मुकेश कुमार, डा. गुरप्रीत कौर की टीम ने कंपनी के करीब 250 कर्मियों का आयुर्वेदिक व एलोपैथिक पद्धति से जांच कर दवाइयां बांटी। एफसी सोंधी के प्लांट हेड अनुराग सोंधी ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रयास को सराहा। कंपनी की एचआर प्रबंधक दीपिका ने कहा कि बीमाकृत व्यक्तियों को सेहत की जांच के साथ योजनाओं की जानकारी मिली।